**प्रतिदर्श प्रश्न-पत्र** **दिनांक -**

# डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, दिल्ली–एन.सी.आर.

## अर्धवार्षिक परीक्षा 2025-26

## कक्षा– दसवीं

## विषय– हिंदी

**निर्धारित समय-3 घंटे** **अधिकतम अंक-80**

**सामान्य निर्देश:**

- ❖ इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं - 'क, 'ख, 'ग' और 'घ'।
- ❖ खंड 'क' में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- ❖ खंड 'ख' में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आतंरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- ❖ खंड 'ग' पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- ❖ खंड 'घ' रचनात्मक लेखन पर आधारित है, आतंरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- ❖ प्रश्न-पत्र में कुल 11 पृष्ठ और 16 प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- ❖ यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखें।
- ❖ प्रश्न-पत्र के पठन हेतु 15 मिनट का अतिरिक्त समय निर्धारित है।
- ❖ बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर उनके सही विकल्प तथा पूर्ण उत्तर के साथ लिखिए।

### खंड - 'क' (अपठित बोध)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर दिए गए प्रश्नों के उपयुक्त उत्तर लिखिए -** **(7)**

शीलयुक्त व्यवहार मनुष्य की प्रकृति और व्यक्तित्व को उद्घाटित करता है। उत्तम, प्रशंसनीय और पवित्र आचरण ही शील है। शीलयुक्त व्यवहार प्रत्येक व्यक्ति के लिए हितकर है। इससे मनुष्य की ख्याति बढ़ती है। शीलवान व्यक्ति सबका हृदय जीत लेता है। शीलयुक्त व्यवहार से कटुता दूर भागती है। इससे आशंका और संदेह की स्थितियाँ कभी उत्पन्न नहीं होतीं। इससे ऐसे सुखद वातावरण का सृजन होता है, जिसमें सभी प्रसन्नता का अनुभव करते हैं। शीलवान व्यक्ति अपने संपर्क में आने वाले सभी लोगों को प्रभावित करता है। शील इतना प्रभुत्वपूर्ण होता है कि किसी कार्य के बिगड़ने की नौबत नहीं आती।

अधिकारी-अधीनस्थ, शिक्षक-शिक्षार्थी, छोटों-बड़ों आदि सभी के लिए शीलयुक्त व्यवहार समान रूप से आवश्यक है। शिक्षार्थी में यदि शील का अभाव है तो वह अपने शिक्षक से वांछित शिक्षा प्राप्त

नहीं कर सकता। शीलवान अधिकारी या कर्मचारी में आत्मविश्वास की वृद्धि स्वतः ही होने लगती है और साथ ही उनके व्यक्तित्व में शालीनता आ जाती है। इस अमूल्य गुण की उपस्थिति में अधिकारी वर्ग और अधीनस्थ कर्मचारियों के बीच, शिक्षकगण और विद्यार्थियों के बीच तथा शासक और शासित के बीच मधुर एवं प्रगाढ़ संबंध स्थापित होते हैं और प्रत्येक वर्ग की कार्यकुशलता में वृद्धि होती है। इस गुण के माध्यम से छोटे-से-छोटा व्यक्ति बड़ों की सहानुभूति अर्जित कर लेता है।

शील कोई दुर्लभ और दैवीय गुण नहीं है। इस गुण को अर्जित किया जा सकता है। पारिवारिक संस्कार इस गुण को विकसित और विस्तारित करने में बहुत बड़ी भूमिका अदा करते हैं। मूल भूमिका तो व्यक्ति स्वयं अदा करता है। चिंतन, मनन, सत्संगति, स्वाध्याय और सतत अभ्यास से इस गुण की सुरक्षा और इसका विकास होता है।

**(i) निम्नलिखित कथन(A) तथा कारण(R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए| उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए-** 1

**कथन (A) -** शीलयुक्त व्यवहार प्रत्येक व्यक्ति के लिए हितकर है।

**कारण (R) -** शीलवान व्यक्ति अपने संपर्क में आने वाले सभी लोगों को सुप्रभावित करता है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं|

(ख) कथन (A) ग़लत तथा कारण (R) सही है|

(ग) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं परंतु कारण(R) कथन(A) की ग़लत व्याख्या करता है|

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है|

**(ii) शिक्षा प्राप्त करने के लिए शिक्षार्थी में कौन-सा गुण आवश्यक है?** 1

(क) शालीनता का
(ग) समन्वयता का
(ख) उग्रता का
(घ) सौहार्दयता का

**(iii) दिए गए गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित में कौन–सा कथन सत्य है?** 1

(क) शील गुण की अधिकता से कार्य बिगड़ने लगते हैं|

(ख) शीलवान व्यक्ति की कार्यकुशलता में वृद्धि होती है|

(ग) शील का गुण सभी में स्वाभाविक रूप से विद्यमान होता है|

(घ) शीलवान व्यक्ति सदैव सभी का दिल जीतने में असफ़ल रहता है|

**(iv) शालीनता जैसे गुण की उपस्थिति के क्या लाभ हैं?** 2

**(v) 'शील कोई दुर्लभ और दैवीय गुण नहीं है।' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए|** 2

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर दिए गए प्रश्नों के उपयुक्त उत्तर लिखिए -** **(7)**

मैं सोचता हूँ कि मेरा यह कर्तव्य है कि मुझे निजी रूप में सारे संसार का राज्य भी क्यों न मिलता हो, मैं कोई ऐसा काम न करूँ जिससे मेरे देश की स्वतंत्रता को, दूसरे शब्दों में उसके सम्मान को धक्का पहुँचे; उसकी किसी भी प्रकार की शक्ति में कमी आए। साथ ही उसके एक नागरिक के रूप में मेरा यह अधिकार भी है कि अपने देश के सम्मान का पूरा-पूरा भाग मुझे मिले और उसकी शक्तियों से अपने सम्मान की रक्षा का मुझे; जहाँ भी मैं हूँ; भरोसा रहे। अरे भला, एक आदमी अपने इतने बड़े देश के लिए कर ही क्या सकता है? फिर कोई बड़ा वैज्ञानिक हो तो वह अपने आविष्कारों से ही देश को कुछ बल दे दे या फिर कोई बहुत बड़ा धनपति हो तो वह अपने धन का भामाशाह की तरह समय पर त्याग कर ही देश के काम आ सकता है पर हरेक आदमी ना तो ऐसा वैज्ञानिक ही हो सकता है और ना धनिक ही। फिर जो बेचारा अपनी ही दाल-रोटी की फ़िक्र में लगा हुआ हो, वह अपने देश के लिए चाहते हुए भी क्या कर सकता है? आपका प्रश्न विचारों को उत्तेजना देता है; इसमें संदेह नहीं पर इसमें भी कोई संदेह नहीं कि इसमें जीवनशास्त्र का घोर अज्ञान भी भरा हुआ है। अरे भाई, जीवन कोई आपके मुन्ने की गुड़िया थोड़े ही है कि आप कह सकें कि बस यह है; इतना ही है। वह तो एक विशाल समुद्र का तट है, जिस पर हरेक अपने लिए स्थान पा सकता है। लो, एक और बात बताता हूँ आपको। जीवन को दर्शनशास्त्रियों ने बहुमुखी बताया है, उसकी अनेक धाराएँ हैं। सुना नहीं आपने कि जीवन एक युद्ध है और युद्ध में लड़ना ही तो कोई एक काम नहीं होता। लड़ने वालों को रसद न पहुँचे, तो वे कैसे लड़ें? किसान ठीक खेती न उपजाएँ तो रसद पहुँचाने वाले क्या करें; और लो! जाने दो बड़ी-बड़ी बातें, युद्ध में जय बोलने वालों का भी महत्त्व है|

**(i) नागरिक के रूप में व्यक्ति का क्या अधिकार है?** 1

(क) अपने देश के सम्मान का पूरा भाग न भी मिले तो शिकायत न करें।

(ख) देश की शक्तियों से अपने सम्मान की रक्षा का अधिकार मिले।

(ग) सरकार द्वारा संचालित सभी नीतियों का लाभ मिलता रहना चाहिए|

(घ) जहाँ भी रहें, स्वयं की काबिलियत पर भरोसा बना रहे।

**(ii) दर्शनशास्त्री जीवन को क्या मानते हैं?** 1

(क) मुन्ने की गुड़िया, सीमितता से युक्त

(ख) बहुमुखी, अनेक धाराओं से युक्त

(ग) विशाल समुद्र तट, अधिकारों से युक्त

(घ) भामाशाह, धन-सम्पत्ति से युक्त

**(iii) गद्यांश में निहित संदेश है-** 1

(क) देशभक्ति वैज्ञानिक, धनपति ही दर्शा सकते हैं।

(ख) बड़ी-बड़ी बातें करके लोगों को गुमराह नहीं करना चाहिए।

(ग) देशभक्ति दाल-रोटी की फ़िक्र में लगे लोग नहीं दर्शा सकते।

(घ) देशभक्ति बहुमुखी है अत: सामर्थ्यानुसार योगदान दिया जा सकता है।

**(iv) उपर्युक्त गद्यांश में लेखक किसके प्रति तथा किन कर्तव्यों पर विचार कर रहे हैं?** 2

**(v) कौन-से प्रश्न एक नागरिक के विचारों को उत्तेजित करते हैं तथा क्या उसकी उत्तेजना उचित है?** 2

## <u>खंड-'ख'(व्यावहारिक व्याकरण)</u>

**3. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्ही <u>चार प्रश्नों</u> के उत्तर दीजिए -** **(1x4=4)**

(i) **पदबंध** की **परिभाषा उदाहरण** सहित स्पष्ट करें?

(ii) तताँरा **<u>बहुत सुंदर, बलशाली तथा आकर्षक</u>** था- रेखांकित **पदबंध का भेद** बताइए|

(iii) हरिहर काका **<u>धीरे-धीरे चलते हुए</u>** आँगन पहुँचे| रेखांकित **पदबंध का भेद** बताइए|

(iv) बड़े-बड़े पार्कों तथा मैदानों को पुलिस ने घेर लिया था| **पदबंध छाँटकर उसका भेद** बताइए|

(v) सदा संतोष रखने वाले तुम आज व्याकुल क्यों हो? **सर्वनाम पदबंध** छाँटकर लिखिए|

**4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार प्रश्नों</u> के उत्तर दीजिए - (1x4=4)**

(i) उसे ज्ञान ही न हो सका कि कोई अजनबी युवक नि:शब्द उसे ताके जा रहा है- **वाक्य का भेद** लिखिए।

(ii) उनकी रचनाओं को समझना मेरे लिए छोटा मुँह बड़ी बात थी- **वाक्य का भेद** लिखिए।

(iii) वहाँ पर बहुत मार-पीट हुई। वहाँ पर दो–चार आदमियों के सिर फट गए– वाक्यों से **मिश्र वाक्य** बनाइए।

(iv) कमरे के भीतर हरिहर काका जिस स्थिति में मिले उसे देखकर उनके भाइयों का खून खौल उठा- **सरल वाक्य** में रूपांतरित कीजिए|

(v) जब अविनाश बाबू ने झंडा गाड़ा तब पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया- वाक्य को **संयुक्त वाक्य** में बदलिए।

**5. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार प्रश्नों</u> के उत्तर दीजिए - (1x4=4)**

(i) 'उपदेशमाला' समस्त पद का **विग्रह** करके **समास का नाम** लिखिए|

(ii) 'सहर्ष' समस्त पद का **विग्रह** करके **समास का नाम** लिखिए|

(iii) 'स्वयं उत्पन्न हुआ है जो' का **समस्त पद** तथा **समास का नाम** लिखिए|

(iv) 'महाविभूति' समस्त पद का **विग्रह** करके **समास का नाम** लिखिए|

(v) **कर्मधारय समास** क्या होता है?

**6. निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार प्रश्नों</u> के उत्तर दीजिए - (1x4=4)**

(i) 'जिगर के टुकड़े-टुकड़े होना' **मुहावरे का अर्थ** लिखकर **वाक्य प्रयोग** कीजिए|

(ii) आज तुम्हें मेरी बातें ज़हर लग रही हैं परंतु यह बात ____________ लो कि बिना परिश्रम कुछ नहीं मिलता। **रिक्त स्थान की पूर्ति** के लिए उपयुक्त **मुहावरा** लिखिए।

(iii) गाँव वालों की अपमानजनक बातें सुनकर तताँरा ______________ हो उठा। **रिक्त स्थान की पूर्ति** के लिए उपयुक्त **मुहावरा** लिखिए।

(iv) 'टूट पड़ना' **मुहावरे** का **वाक्य-प्रयोग** इसप्रकार कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए|

(v) 'बिना सोचे–समझे लिखना' के लिए सर्वाधिक **उपयुक्त मुहावरा** लिखिए।

## <u>खंड-'ग'(पाठ्यपुस्तकें)</u>

7. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए-** **(1x5=5)**

दैव न करे, आज मैं बीमार हो जाऊँ, तो तुम्हारे हाथ-पाँव फूल जाएँगे। दादा को तार देने के सिवा तुम्हें और कुछ न सूझेगा, लेकिन तुम्हारी जगह दादा हो, तो किसी को तार न दें, न घबराएँ, न बदहवास हों। पहले खुद मरज़ पहचान कर इलाज करेंगे, उसमें सफल न हुए तो किसी डॉक्टर को बुलाएँगे। बीमारी तो ख़ैर बड़ी चीज़ है। हम तुम तो इतना भी नहीं जानते कि महीने भर का खर्च महीना भर कैसे चले। जो कुछ दादा भेजते हैं, उसे हम बीस-बाइस तक खर्च कर डालते हैं और फिर पैसे-पैसे को मुहताज हो जाते हैं। नाश्ता बंद हो जाता है, धोबी और नाई से मुँह चुराने लगते हैं, लेकिन जितना आज हम और तुम खर्च कर रहे हैं, उसके आधे में दादा ने अपनी उम्र का बड़ा भाग इज्ज़त और नेकनामी के साथ निभाया है और कुटुंब का पालन किया है, जिसमे सब मिलकर नौ आदमी थे। अपने हेडमास्टर साहब ही को देखो। एम.ए. हैं कि नहीं और यहाँ के एम.ए.नहीं, आक्सफोर्ड के। एक हज़ार रूपये पाते हैं; लेकिन उनके घर का इंतजाम कौन करता है? उनकी बूढ़ी माँ। हेडमास्टर साहब की डिग्री यहाँ बेकार हो गई। पहले खुद घर का इंतज़ाम करते थे। खर्च पूरा न पड़ता था। कर्ज़दार रहते थे। जब से उनकी माता जी ने प्रबंध अपने हाथ में लिया है, जैसे घर में लक्ष्मी आ गई है। तो भाईजान, यह गरूर दिल से निकाल डालो कि तुम मेरे समीप आ गए हो और अब स्वतंत्र हो।

**(i) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए| उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए-**

**कथन (A) -** घर के प्रबंधन में हेडमास्टर साहब की डिग्री बेकार हो गई थी।

**कारण (R) -** हेडमास्टर साहब की माता जी ने घर का प्रबंध अपने हाथ में ले लिया था।

(क) कथन(A) तथा कारण(R) दोनों गलत हैं तथा कारण(R) कथन(A) की सही व्याख्या करता है|

(ख) कथन(A) तथा कारण(R) दोनों सही हैं लेकिन कारण(R) कथन(A) की व्याख्या नहीं करता है|

(ग) कथन(A) तथा कारण(R) दोनों सही हैं लेकिन कारण(R) कथन(A) की गलत व्याख्या करता है|

(घ) कथन(A) तथा कारण(R) दोनों सही हैं तथा कारण(R) कथन(A) की सही व्याख्या करता है|

**(ii) किसके हाथ-पाँव फूलने की बात की गई है?**

(क) दादा के

(ख) लेखक के

(ग) हेडमास्टर साहब के

(घ) बड़े भाई साहब के

**(iii) हेडमास्टर साहब के उदाहरण से स्पष्ट होता है कि -**

(क) जीवन के अनुभव का महत्त्व तनिक भी नहीं है|

(ख) किताबी ज्ञान जीवन के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण है|

(ग) जीवन के अनुभव से अधिक महत्त्व किताबी ज्ञान का है|

(घ) जीवन के अनुभव का महत्त्व किताबी ज्ञान से अधिक है|

**(iv) लेखक तथा बड़े भाई साहब पैसे-पैसे को मोहताज क्यों हो जाते थे?**

(क) अनुभव की कमी तथा लापरवाही के कारण

(ख) होस्टल में दिन-प्रतिदिन बढ़ते खर्चों के कारण

(ग) किताबी ज्ञान का अत्यधिक अभाव होने के कारण

(घ) दादा द्वारा खर्चे के लिए कम पैसे भेजने के कारण

**(v) निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए -**

1. जीवन के अनुभव के कारण ही दादा प्रत्येक कठिन परिस्थिति का सामना करने में सक्षम होते हैं|
2. दादा किताबी ज्ञान होने के कारण ही अपना जीवन इज़्ज़त और नेकनामी के साथ बिता पाए|
3. अपने अनुभवों के कारण ही दादा अपने परिवार का पालन नेकनामी के साथ कर पाए|

**उपर्युक्त कथनों में से दादा जी के संदर्भ में कौन-सा/ कौन-से कथन सही है/हैं?**

(क) केवल 1

(ख) केवल 3

(ग) 1 तथा 3

(घ) 2 तथा 3

**8. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं <u>तीन प्रश्नों</u> के उत्तर लगभग 25 -30 शब्दों में दीजिए:-**

**(2x3=6)**

(i) 'डायरी का एक पन्ना' पाठ एक ऐतिहासिक दस्तावेज़ है इसमें निहित संदेश को स्पष्ट कीजिए|

(ii) तताँरा और वामीरो के मिलन पर किसे आपत्ति थी और क्यों? 'तताँरा वामीरो कथा' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए|

(iii) लेखक को अपनी लघुता का अनुभव कब हुआ? 'बड़े भाई साहब' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए|

(iv) 'नारी शक्ति के सहयोग के बिना समाज का कोई भी महत्त्वपूर्ण कार्य संभव नहीं है|' यह कथन 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के संदर्भ में कैसे सिद्ध होता है?

**9. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के <u>सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प</u> का चयन कीजिए-**

**(1x5=5)**

चलो अभीष्ट मार्ग में सहर्ष खेलते हुए,

विपत्ति, विघ्न जो पड़ें उन्हें ढकेलते हुए।

घटे न हेलमेल हाँ, बढ़े न भिन्नता कभी,

अतर्क एक पंथ के सतर्क पंथ हों सभी।

तभी समर्थ भाव है कि तारता हुआ तरे,

वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।

**(i) कवि सभी को एक होकर चलने की प्रेरणा देते हैं| इससे ज्ञात होता है कि कवि _________ के पक्षधर हैं|**

(क) एकता | (ग) सामर्थ्य

(ख) अनेकता | (घ) तर्कता

**(ii) अभीष्ट मार्ग से तात्पर्य है -**

(क) स्वर्गगत मार्ग | (ग) दृढ़संकल्पित मार्ग

(ख) प्रमाणित मार्ग | (घ) मनोवांछित मार्ग

**(iii) समर्थ भाव है, दूसरों को -**

(क) शक्ति प्रदर्शन द्वारा सफलता दिलाना|

(ख) ज्ञान मार्ग बताते हुए सफल बनाना|

(ग) सफलता में सहयोग करते हुए स्वयं सफ़ल होना|

(घ) सफलता प्रदान करके अपना स्वार्थ सिद्ध करना|

**(iv) 'भिन्नता न बढ़े' का आशय है-**

(क) मत भिन्नता हो

(ख) मतभेद कम हो

(ग) भेदभाव भिन्न हो

(घ) मतभेद अधिक हो

**(v) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए -**

1. हमें परमार्थ हेतु जीवन जीना चाहिए|
2. बाह्य आडम्बरों का विरोध करना चाहिए|
3. मार्ग की विपत्तियों को ढकेलते हुए आगे बढ़ना चाहिए|
4. प्राकृतिक सौंदर्य के लिए ईश्वर को धन्यवाद देना चाहिए|
5. हमें अपने जीवन में सहयोगी दृष्टिकोण अपनाना चाहिए|

<u>विकल्प</u> -

(क) 1, 2 तथा 5

(ख) 1, 3 तथा 5

(ग) 2, 3 तथा 4

(घ) 2, 4 तथा 5

**10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं <u>तीन प्रश्नों</u> के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में दीजिए:-**

**(2x3=6)**

(i) 'कबीर के अनुसार निंदक की निंदा आत्म-सुधार के लिए आवश्यक है'- 'साखी' पाठ के आधार पर विचार की तर्कसंगत विवेचना कीजिए|

(ii) कबीरदास जी ने किस अँधियारे की बात की है तथा यह किस प्रकार मिट सकता है? 'साखी' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए|

(iii) श्रीकृष्ण की दासी बनकर मीरा को क्या-क्या प्राप्त होगा? 'पद' के आधार पर उत्तर दीजिए|

(iv) 'सहस्र दृग सुमन' किसे तथा क्यों कहा गया है? 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर उत्तर दीजिए|

**11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए :-** **(3×2=6)**

(i) हरिहर काका के साथ उनके भाइयों तथा ठाकुरबारी के महंत ने कैसा व्यवहार किया? क्या आप उसे उचित मानते हैं? 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर कारण सहित स्पष्ट कीजिए|

(ii) ठाकुरबारी के साधु-संत और काका के भाइयों से संबंधित कौन-कौन सी खबरें गाँव में फैलने लगी? 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर अपने शब्दों में लिखिए|

(iii) लेखक हरिहर काका की ज़िंदगी से बहुत गहरे से जुड़े थे; कैसे? किसी बुज़ुर्ग व्यक्ति की ज़िंदगी से जुड़े होने का अपना अनुभव भी लिखिए?

## खंड-'घ'(लेखन)

**12. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए-** **(5)**

**(i) प्रकृति की रक्षा, मानव की सुरक्षा**

- मनुष्य प्रकृति का अंग
- प्रकृति से खिलवाड़
- दुष्प्रभाव और दूर करने के उपाय

**(ii) विद्यार्थी जीवन और चरित्र निर्माण**

- संपूर्ण जीवन की आधारशिला
- चरित्र निर्माण की आवश्यकता
- देश व समाज के लिए उपयोगी

**(iii) आज़ादी का अमृत महोत्सव**

- आज़ादी की 75वीं वर्षगाँठ
- विभिन्न गतिविधियों का संगम
- विस्मृत स्वतंत्रता सेनानियों का स्मरण

**13. निम्नलिखित में से किसी <u>एक विषय</u> पर लगभग 100 शब्दों में औपचारिक पत्र लिखिए- (5)**

कक्षा में अनजाने में हो गए अभद्र व्यवहार के लिए कक्षा–अध्यापिका से क्षमा–याचना करते हुए पत्र लिखिए|

**<u>अथवा</u>**

चौराहों पर भीख माँगते बच्चों को देखकर आपको कैसा लगता है? इस समस्या के समाधान के लिए अपने विचार किसी समाचार-पत्र के संपादक को लिखिए|

**14. निम्नलिखित में से किसी <u>एक विषय</u> पर लगभग 60 शब्दों में एक <u>सूचना</u> लिखिए- (4)**

आप विद्यालय के छात्र संघ के सचिव हैं| विद्यालय में मोबाइल निषेध है| इससे संबंधित सूचना जारी करते हुए 80 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए|

**<u>अथवा</u>**

सरस्वती अपार्टमेन्ट सोसाइटी में नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन होने वाला है| शिविर में भाग लेने के इच्छुक लोगों को आमंत्रण देते हुए सचिव की ओर से सूचना तैयार कीजिए|

**15. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में एक <u>विज्ञापन</u> तैयार कीजिए - (3)**

आपके पिताजी अपनी कार बेचना चाहते हैं| कार संबंधी सम्पूर्ण जानकारी देते हुए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए|

**<u>अथवा</u>**

यातायात के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करते हुए यातायात अधिकारी की ओर से एक विज्ञापन तैयार कीजिए|

**16. 'उड़न तश्तरी' विषय पर लगभग 100 शब्दों में <u>एक लघुकथा</u> लिखिए| (5)**

**<u>अथवा</u>**

आप सरिता कपूर/ सरल कपूर हैं| आप वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हिंदी की उपयोगिता जानते हैं इसीलिए ग्यारहवीं कक्षा में विज्ञान विषय के साथ हिंदी अतिरिक्त विषय के रूप में पढ़ना चाहते हैं| अनुमति प्राप्त करने के लिए अपनी प्रधानाचार्या को लगभग 80 शब्दों में **<u>ई-मेल</u>** लिखिए|

# प्रतिदर्श प्रश्न-पत्र
# उत्तर संकेत
# अर्धवार्षिक परीक्षा 2025-26
# कक्षा - दसवीं
# विषय - हिंदी

**निर्धारित समय - 3 घंटा** **अधिकतम अंक - 80**

**निर्देश :** यदि ऐसा कोई सही उत्तर जो परीक्षार्थी ने लिखा हो परंतु निम्नलिखित उत्तर-संकेत में सम्मिलित न हो तो उसके भी यथासंभव अंक दिए जाएँ|

| (वस्तुपरक प्रश्नों के उत्तर) | | |
|---|---|---|
| **प्रश्नक्रम** | **उत्तर** | **अंक विभाजन** |
| **1.** | **गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर** | **(07)** |
| (I) | (ग) कथन(A) तथा कारण(R) दोनों सही हैं परंतु कारण(R) कथन(A) की ग़लत व्याख्या करता है| | 1 |
| (II) | (क) शालीनता का | 1 |
| (III) | (ख) शीलवान व्यक्ति की कार्यकुशलता में वृद्धि होती है| | 1 |
| (IV) | ❖ अधिकारी वर्ग और अधीनस्थ कर्मचारियों के बीच, शिक्षकगण और विद्यार्थियों के बीच तथा शासक और शासित के बीच मधुर एवं प्रगाढ़ संबंधों का स्थापित होना|<br>❖ प्रत्येक वर्ग की कार्यकुशलता में वृद्धि होना|<br>❖ छोटे-से-छोटे व्यक्ति द्वारा बड़ों की सहानुभूति अर्जित करने में सफ़ल होना। | 2 |
| (V) | ❖ यह गुण भाग्यवश मुश्किल से मिलने वाला ईश्वरीय गुण नहीं है|<br>❖ इसे अर्जित किया जा सकता है।<br>❖ पारिवारिक संस्कारों की गुण को विकसित और विस्तारित करने में बहुत बड़ी भूमिका|<br>❖ स्वयं व्यक्ति की मूल भूमिका<br>❖ चिंतन, मनन, सत्संगति, स्वाध्याय और सतत अभ्यास द्वारा इस गुण की सुरक्षा और इसका विकास संभव | 2 |
| **2.** | **गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर** | **(07)** |
| (I) | (ख) देश की शक्तियों से अपने सम्मान की रक्षा का अधिकार मिले। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | | |
| (II) | (ख) बहुमुखी, अनेक धाराओं से युक्त | 1 |
| (III) | (ग) देशभक्ति बहुमुखी है। सामर्थ्यानुसार योगदान दिया जा सकता है। | 1 |
| (IV) | ❖ देश / राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों<br>❖ सारे संसार का राज्य भी क्यों न मिलता हो लेकिन  कोई ऐसा काम न करे जिससे देश की स्वतंत्रता को  दूसरे शब्दों में उसके सम्मान को धक्का पहुँचे<br>❖ उसकी किसी भी प्रकार की शक्ति में कमी आए। | 0.5+1.5 |
| (V) | ❖ एक आदमी अपने इतने बड़े देश के लिए कर ही क्या सकता है?<br>❖ जी हाँ उचित है<br>❖ क्योंकि - कोई बड़ा वैज्ञानिक हो तो वह अपने आविष्कारों से ही देश को कुछ बल दे दे\|<br>❖ कोई बहुत बड़ा धनपति हो  तो वह अपने धन का भामाशाह की तरह समय पर त्याग कर ही देश के काम आ सकता है\|<br>❖ प्रत्येक आदमी ना तो ऐसा वैज्ञानिक ही हो सकता है और ना धनिक ही।<br>❖ फिर जो बेचारा अपनी ही दाल-रोटी की फ़िक्र में लगा हुआ हो, वह अपने देश के लिए चाहते हुए भी कुछ नहीं कर सकता\| | 1+1 |
| | **खंड-'ख' (व्यावहारिक व्याकरण)** | |
| **3.** | **'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर -** | **(04)** |
| (I) | वाक्य में एक से अधिक पद परस्पर मिलकर एक इकाई बना लें<br>अथवा<br>दो या दो से अधिक पद नियत क्रम और निश्चित अर्थ में किसी पद का कार्य करें<br>अथवा<br>कई पदों के योग से बने वाक्यांशों को जो एक ही व्याकरणिक इकाई अर्थात संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया, विशेषण, क्रिया विशेषण का काम करे\|<br>उदाहरण - छात्र द्वारा कोई भी उपयुक्त उदाहरण मान्य | 1 |
| (II) | विशेषण पदबंध | 1 |
| (III) | क्रिया विशेषण पदबंध | 1 |
| (IV) | बड़े-बड़े पार्कों तथा मैदानों, संज्ञा पदबंध | 1 |
| (V) | सदा संतोष रखने वाले तुम | 1 |
| **4.** | **रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों** | **(04)** |

| | | |
|---|---|---|
| | **में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर-** | |
| (I) | मिश्रित वाक्य | 1 |
| (II) | सरल वाक्य | 1 |
| (III) | वहाँ पर बहुत मार-पीट हुई जिससे/जिस कारण दो-चार आदमियों के सिर फट गए\| | 1 |
| (IV) | कमरे के भीतर हरिहर काका की स्थिति देखकर उनके भाइयों का खून खौल उठा\| | 1 |
| (V) | अविनाश बाबू ने झंडा गाड़ा इसलिए पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया\| | 1 |
| **5.** | **'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर -** | (04) |
| (I) | उपदेशों की माला , तत्पुरुष समास | 1 |
| (II) | हर्ष सहित / हर्ष के साथ , अव्ययीभाव समास | 1 |
| (III) | स्वयंभू , बहुव्रीहि समास | 1 |
| (IV) | महान है जो विभूति , कर्मधारय समास | 1 |
| (V) | ❖ उत्तर पद प्रधान<br>❖ विशेषण-विशेष्य (एक पद विशेषण तथा दूसरा पद विशेष्य) अथवा उपमेय-उपमान का संबंध दोनों में एक शब्द की उपमा दूसरे से दी जाती है या तुलना की जाती है\| | 1 |
| **6.** | **'मुहावरे' पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर -** | **(04)** |
| (I) | ❖ अर्थ - दिल दुखना<br>❖ वाक्य - छात्र की स्वतंत्र अभिव्यक्ति स्वीकार्य | 1 |
| (II) | गाँठ बाँध | 1 |
| (III) | आग बबूला | 1 |
| (IV) | छात्र की स्वतंत्र अभिव्यक्ति स्वीकार्य ( मुहावरे का अर्थ स्पष्ट होना अनिवार्य) | 1 |
| (V) | पन्ने रँगना | 1 |
| | **खंड-'ग' (पाठ्यपुस्तकें)** | |
| **7.** | **गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए -** | **(05)** |
| (I) | (ख) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं लेकिन कारण (R) कथन (A) की व्याख्या नहीं करता है\| | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| (II) | (ख) लेखक के | 1 |
| (III) | (घ) जीवन के अनुभव का महत्त्व किताबी ज्ञान से अधिक है\| | 1 |
| (IV) | (क) अनुभव की कमी तथा लापरवाही के कारण | 1 |
| (V) | (ग) केवल 1 तथा 3 | 1 |
| **8.** | **गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर - (कोई तीन )** | **(2x3=6)** |
| (I) | ❖ देश के सम्मान को सर्वोपरि समझना चाहिए।<br>❖ देश के लिए कष्ट सहने को भी तैयार रहना चाहिए।<br>❖ विदेशी शासन की क्रूरता से हमें घबराना नहीं चाहिए<br>❖ हम जिस काम को करने का निश्चय कर लें उसे पूरा करके ही दम लेना चाहिए।<br>❖ देश प्रेम और त्याग भावना का संदेश देता है। | 2 |
| (II) | ❖ गाँव वालों को तथा वामीरो की माँ को<br>❖ गाँव की रीति अनुसार संबंध संभव न था\|<br>❖ क्योंकि रीतिरिवाज़ के अनुसार दोनों के सम्बन्ध के लिए दोनों का एक ही गाँव का होना ज़रुरी था।<br>❖ तताँरा पासा गाँव का तथा वामीरो लपाती गाँव की थी\| | 2 |
| (III) | ❖ एक दिन जब छोटा भाई एक कनकौआ लूटने भागा जा रहा था तो भाई साहब ने उसे पकड़ कर बहुत डाँटा<br>❖ कहा कि कक्षा का अन्तर भले ही कम हो गया हो पर वे उससे उम्र में अभी भी पाँच वर्ष बड़े हैं।<br>❖ गलत राह पर नहीं चलने देंगे ।<br>❖ यह सब सुनकर बड़े भाई की महानता का अहसास होना। | 2 |
| (IV) | ❖ स्त्रियों के सहयोग के बिना कलकत्ता में स्वतंत्रता दिवस मनाना संभव न था\| सुभाष बाबू के जुलूस में स्त्री समाज की महत्वपूर्ण भूमिका<br>❖ भारी पुलिस व्यवस्था के बाद भी जगह-जगह स्त्री जुलूस के लिए टोलियाँ बन गई थीं।<br>❖ मोनुमेंट पर स्त्रियों ने निडर होकर झंडा फहराया,<br>❖ अपनी गिरफ्तारियाँ करवाईं तथा उनपर लाठियाँ बरसीं<br>❖ स्त्रियाँ रुकी नहीं लाल बाज़ार तक आगे बढ़ती गईं तथा आंदोलन की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई\| | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| **9.** | **काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के <u>सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प</u> का चयन कीजिए --** | **(05)** |
| (I) | (क) एकता | 1 |
| (II) | (घ) मनोवांछित मार्ग | 1 |
| (III) | (ग) सफलता में सहयोग करते हुए स्वयं सफ़ल होना\| | 1 |
| (IV) | (ख) मतभेद कम हो | 1 |
| (V) | (ख) 1, 3 तथा 5 | 1 |
| **10.** | **काव्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर - (कोई तीन )** | **(2x3=6)** |
| (i) | ➢ निंदक द्वारा आलोचनाओं से बुराइयों का ज्ञान होना<br>➢ बुराइयाँ दूर करने और स्वभाव में निर्मलता लेन का अवसर<br>➢ निंदक द्वारा बिना साबुन-पानी का प्रयोग किए अर्थात बिना किसी भौतिक उपाय के अपनी आलोचनाओं से चित्त को निर्मल करना \| | 2 |
| (ii) | ➢ अहंकार के अज्ञान रूपी अधंकार की<br>➢ ज्ञान रूपी दीपक प्रज्वलित होने पर | 2 |
| (iii) | ➢ चाकरी में दर्शन<br>➢ जेब खर्ची में सुमिरन<br>➢ भावभक्ति रूपी संपत्ति | 2 |
| (IV) | ➢ पर्वतों पर खिले हजारों पुष्पों को<br>➢ पहाड़ पुष्प रूपी नेत्रों से अपने विशाल स्वरूप को चरणों में पले ताल में निहार रहे हैं\| | 2 |
| **11.** | **पूरक पाठ्य पुस्तक-संचयन के आधार पर प्रश्नों के उत्तर :- (कोई दो)** | **(3x2=6)** |
| **(i)** | ❖ पहले दोनों ही पक्षों द्वारा सौहार्दपूर्ण व्यवहार<br>❖ ज़मीन देने से इंकार करने पर समस्त नैतिक मूल्यों को ठुकराकर, सभी प्रकार की मर्यादाओं को तार-तार कर धन और जमीन की लिप्सा से आसक्त होकर अमानवीय व्यवहार किया।<br>❖ ठाकुरबाड़ी के महंत दवारा अपने पद की गरिमा को ध्वस्त करते हुए हरिहर काका का अपहरण करवाया गया।<br>❖ हाथ-पैर बाँधकर मुँह में कपड़ा ठूँस दिया तथा सादे एवं लिखें कागजों पर अँगूठे के निशान लिये गये।<br>❖ ज़मीन नाम न करने पर भाइयों द्वारा हरिहर काका को बेरहमी से पीटा गया | 3 |

| | | |
|---|---|---|
| | ❖ हरिहर काका के भाइयों तथा ठकुरबारी के महंत द्वारा किया गया दुर्व्यवहार किसी भी दृष्टि से उचित नहीं ठहराया जा सकता है।<br>❖ आज लोगों पर स्वार्थ, लोभ, धन-लिप्सा में इतने हावी हो चुके हैं कि आज उन्हें इनके लिए रिश्ते-नातों व अपने पद की मर्यादा को भुलाने में भी संकोच नहीं होता। | |
| (ii) | ➢ महंत जी और हरिहर काका के भाई अफ़सोस मना रहे हैं\|<br>➢ हरिहर का अँगूठा लगवाने के बाद उसकी हत्या क्यों न कर दी \|<br>➢ हरिहर के मरने के बाद उसका दाह-संस्कार करने के लिए महंत और हरिहर के भाई-बन्धु खूब लड़ेंगे\|<br>➢ हरिहर की मृत्यु के बाद उसकी ज़मीन पर कब्ज़ा करने के लिए उसके भाइयों ने बुटन नामक डाकू से समझौता किया है\|<br>➢ चौथी खबर यह फैली कि महंत हरिहर की मृत्यु के बाद देश-भर के साधुओं और नागाओं को बुलाने वाला है\| | 3 |
| (iii) | ➢ हरिहर काका लेखक के पड़ोस में रहते थे<br>➢ बचपन से ही काका ने लेखक को अपने परिवार के सदस्य की तरह प्यार और दुलार दिया।<br>➢ लेखक को अपने कंधे पर बैठाकर घुमाने के अनुभव से लेकर, उनके सयाना होने पर उनके पहले मित्र बनने तक, एक गहरा और व्यक्तिगत संबंध विकसित किया।<br>➢ यह जुड़ाव केवल पारस्परिक सम्मान और प्रेम पर आधारित नहीं है, बल्कि वैचारिक और भावनात्मक गहराई को भी दर्शाता है,<br>➢ जिसके कारण लेखक हरिहर काका के लिए गहरी चिंता और संवेदना महसूस करता है।<br>➢ छात्र की स्वतंत्र अभिव्यक्ति स्वीकार्य है\| | 3 |
| | **खंड-'घ' (लेखन)** | **22 अंक** |
| **प्रश्न-12.** | **दिए गए <u>तीन</u> विषयों में से किसी <u>एक</u> विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 80-100 शब्दों में एक अनुच्छेद-**<br>➢ भूमिका - 1 अंक<br>➢ विषय - वस्तु - 3 अंक<br>➢ भाषा - 1 अंक | 5 |
| **प्रश्न-13.** | **<u>पत्र लेखन</u>**<br>➢ आरम्भिक तथा अंतिम औपचारिकताएँ - 1 अंक<br>➢ विषय-वस्तु - 3 अंक<br>➢ भाषा - 1 अंक | 5 |

| | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न-14.** | **<u>सूचना - लेखन</u>**<br>➢ औपचारिकताएँ - 1 अंक<br>➢ विषय-वस्तु - 2 अंक<br>➢ भाषा - 1 अंक | 4 |
| **प्रश्न-15.** | **<u>विज्ञापन लेखन</u>**<br>➢ विषय-वस्तु - 2 अंक<br>➢ प्रस्तुति - 0.5 अंक<br>➢ भाषा - 0.5 अंक | 3 |
| **प्रश्न-16.** | **<u>लघु कथा लेखन</u>**<br>➢ कथावस्तु - 3 अंक<br>➢ भाषा - 2 अंक<br>**<u>अथवा</u>**<br>**<u>ईमेल लेखन</u>**<br>➢ औपचारिकताएँ - 1 अंक<br>➢ विषय-वस्तु - 3 अंक<br>➢ भाषा - 1 अंक | 5 |